भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2931
बुधवार, 05 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

मौसम जीपीटी ऐप

†**2931. श्री बस्तीपति नागराजू :**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मौसम जीपीटी ऐप के कुल डाउनलोड तथा वर्तमान सक्रिय उपयोगकर्ताओं की राज्य-वार एवं विशेषकर आंध्र प्रदेश में जिला-वार संख्या सहित ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम जीपीटी के प्रति उपयोगकर्ताओं की जागरूकता एवं इसके उपयोग का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन अथवा सर्वेक्षण कराया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा उसके प्रमुख निष्कर्ष क्या हैं;

(ग) ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में मौसम जीपीटी को प्रोत्साहित करने के लिए व्यय की गई निधियों तथा आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों का आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार एवं वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उपयोगकर्ताओं से प्राप्त फीडबैक का व्यवस्थित रूप से संग्रहण एवं विश्लेषण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसके लिए क्या व्यवस्था अपनाई गई है और प्राप्त फीडबैक के आधार पर क्या प्रमुख सुधार किए गए हैं; और

(ङ) इस ऐप को चलाने के दौरान आई किन्हीं तकनीकी त्रुटियों, आंकड़ो की शुद्वता संबंधी समस्याओं या सेवा में आए व्यवधानों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में **,** 'मौसम जेनरेटिव प्री-ट्रेन्ड ट्रांसफॉर्मर' (मौसम जीपीटी) प्रचालन में नहीं है। तथापि**,** मंत्रालय के अधीन 'भारत मौसम विज्ञान विभाग' ने मौसम से जुड़ी चेतावनियां लोगों तक पहुंचाने के लिए उपयोगकर्ताओं के अनुकूल वेबसाइट (https://mausam.imd.gov.in/) और मोबाइल ऐप बनाए हैं। इनमें मौसम का पूर्वानुमान और चेतावनियों के लिए 'मौसम ऐप'**,** कृषि-मौसम सेवाओं के लिए 'मेघदूत ऐप'**,** आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी के लिए दामिनी ऐप' **(**जिसे 'भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान' ने बनाया है) और मौसम के पूर्वानुमान व चेतावनियों के लिए 'उमंग ऐप' **(**जिसे 'इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' ने बनाया है) शामिल हैं।

(ख)**–** (घ) भारत मौसम विज्ञान विभाग ने किसानों के लिए कृषि-मौसम संबंधी परामर्शी सेवाओं और आम जनता के लिए 'नाउकास्टिंग' **(**तत्काल मौसम पूर्वानुमान) सेवाओं जैसे विशेष क्षेत्रों के लिए अपनी आसानी से उपलब्ध सेवाओं और उत्पादों की उपयोगिता का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार करके जारी की गई है। यह रिपोर्ट इन लिंक पर सभी के लिए उपलब्ध है:
https://mausam.imd.gov.in/imd_latest/contents/agromet/kalp/voices.pdf
और
https://mausam.imd.gov.in/imd_latest/contents/agromet/states/States.pdf.

(ङ) चूंकि मौसम जीपीटी अब तक प्रचालन में नहीं है, इसलिए यह लागू नहीं होता है।

******